

ऐसे अधिकारी जो नहीं करते काम, न आएं कार्यालय : उपायुक्त

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

रांची : उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय, रातू का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में सभी पदाधिकारियों और कर्मियों की उपस्थिति की जांच की।

उपायुक्त ने प्रखंड और अंचल का लॉग बुक, आगत निर्गत पंजी, सेवा पुस्तिका, रोकड़ पंजी, संचिका, जनशिकायत, पेंशन और अन्य की जांच की।

उपायुक्त ने कार्यालय परिसर का भ्रमण करते हुए साफ-सफाई को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित कर्मियों को परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी करने को कहा।

उपायुक्त ने कहा कि प्रखंड और अंचल कार्यालयों में बिचौलियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पदाधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिया कि ऐसे अधिकारी और कर्मचारी जो काम नहीं करते वे कार्यालय नहीं आएं।

उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की बिचौलिया गतिविधि पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में मौजूद लोगों से उपायुक्त ने व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और उनकी समस्याओं व कार्यों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उनकी ओर से संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने का निर्देश भी दिया गया।

उपायुक्त ने कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों को वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन सहित सभी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ हर हाल में मिलना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रखंड में यदि कोई पात्र व्यक्ति योजना से वंचित हो तो ऐसे मामलों की पहचान कर शीघ्र निवारण करें। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में पंचायतों में रात्रि चौपाल का भी आयोजन किया जायेगा, अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कोई पात्र व्यक्ति पेंशन योजना से वंचित न रहे।

उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रातू का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों, दवा वितरण केंद्र और आपातकालीन सेवाओं की बारीकी से समीक्षा की।

उपायुक्त ने दवा वितरण केंद्र में उपलब्ध दवाओं की जानकारी ली और दवाओं की समय पर आपूर्ति एवं वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विभिन्न वार्डों में मरीजों की सुविधाओं, साफ-सफाई, बिजली-पानी की व्यवस्था तथा स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति की भी जांच की।

संक्षिप्त समाचार

रांची के प्रांजल अग्रवाल ने नेशनल लेटर राइटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया

रांची : वडोदरा शहर के 11 वर्षीय प्रांजल अग्रवाल ने भारतीय डाक विभाग द्वारा आयोजित नेशनल लेटर राइटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता में देश भर से हजारों छात्रों ने भाग लिया था। प्रांजल अग्रवाल, जो वडोदरा के डॉन बॉस्को स्कूल में कक्षा 6 में पढ़ता है, ने समुद्रों की रक्षा - भविष्य की रक्षाऱ विषय पर प्रभावशाली और भावनात्मक पत्र लिखा था। उनका यह पत्र गुजरात सर्कल में प्रथम चुना गया, और फिर नेशनल लेवल पर भी श्रेष्ठता साबित करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। इस सफलता पर प्रांजल ने बताया कि उन्हें प्रकृति से बेहद लगाव है और वह पर्यावरण की रक्षा के लिए हमेशा सजग रहते हैं। उन्हें अपने इस लेखन के लिए डाक विभाग की ओर से प्रमाण पत्र और पुरस्कार राशि भी प्राप्त हुई है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके माता-पिता गौरवान्वित हैं, बल्कि स्कूल और शहर का भी नाम रौशन हुआ है।रांची भी उसकी उपलब्धि पर गौरवानित है।

रांची स्मार्ट सिटी और एचईसी की सभी खाली जमीन रैयतों को वापस हो: राजेन्द्र प्रसाद

रांची : एचईसी में उद्योग लगाने के लिए रैयतों से जमीन अधिग्रहण किया गया था। लेकिन समय सीमा के अंतराल रैयतों से ली गई जमीन पर आज तक कोई उद्योग नहीं लगा है ऐसे में कानून तौर पर जमीन मालिकों जमीन वापस कर देना चाहिए था। उक्त बातें मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कही। प्रसाद ने कहा कि विधायक राजेश कच्छप द्वारा रांची स्मार्ट सिटी की जमीन के म्यूटेशन को लेकर जो विरोध जताया है उसे उचित बताया है। प्रसाद ने कहा कि स्मार्ट सिटी के लिए नियम कानून को अनदेखी कर नाजायज तरीके से बिल्डरों -डेवलपर्स को जमीन दी जा रही है। प्रसाद ने खाली पड़े जमीन को मूल रैयत को वापस करने की मांग की है।

रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष पद हेतु एक मात्र उम्मीदवार सज्जन कुमार पाड़िया

रांची : जिला मारवाड़ी सम्मेलन के सत्र-2025 -27 के अध्यक्ष पद के चुनाव हेतु एक उम्मीदवार सज्जन कुमार पाड़िया का नामांकन पत्र दाखिल हुआ। मुख्य चुनाव पदाधिकारी अशोक कुमार नारसरिया ने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम तिथि आज 18 जुलाई अपराह्न 4 बजे तक था। शाम 5 बजे नामांकन पत्र जांच करने के बाद सज्जन कुमार पाड़िया की उम्मीदवारी वैध पाया गया। उम्मीदवारी की अंतिम सूची 20 जुलाई को जारी की जाएगी अशोक नारसरिया ने बताया कि आज सज्जन कुमार पाड़िया मारवाड़ी भवन कार्यालय मे रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार हेतु नामांकन पत्र दाखिल किया था।मौके पर सहायक चुनाव अधिकारी प्रमोद सारस्वत तथा नंदकिशोर पाटोदिया, मनोज चौधरी, अमित जालान आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

लोजपा रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली

रांची: लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने आज दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल जाकर पूर्व केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। श्री प्रधान ने कहा कि दिशोम गुरु का स्वास्थ्य अभी स्थिर है। शिबू सोरेन झारखंड की आत्मा हैं। उन्होंने पूरे जीवनकाल में आदिवासी, वंचित और आम जनमानस के अधिकारों के लिए संघर्ष किया है। आज भी वे झारखंड की राजनीति और सामाजिक चेतना का एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। श्री प्रधान ने कहा कि वह ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि शिबू सोरेन जी शीघ्र स्वस्थ हों और पुनः झारखंड की जनता का मार्गदर्शन करें। उनका प्यार और स्नेह हमलोगों को मिलता रहे । इस समय राज्य को उनके अनुभवी सोच और नेतृत्व की आवश्यकता है। श्री प्रधान के साथ सर गंगाराम अस्पताल नई दिल्ली जाने वालों में धीरज कुमार सहित पार्टी के कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे।

रांची एक्सप्रेस कार्यालय में सतीश नाथ सहाय को दी गयी श्रद्धांजलि, किया गया शोक व्यक्त

रांची : रांची एक्सप्रेस कार्यालय में शुक्रवार की शाम को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व शिक्षक सतीश नाथ सहाय के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। सभा में उन्हें विद्वान शिक्षक बताया गया और कहा गया कि उनके निधन से रांची एक्सप्रेस परिवार मर्माहत है। दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। सभा में निर्मल कुमार साहा, नवेन्दु उन्मेष, दिलीप वर्मा, सुनील महतो, दीपक झा, हेमलता सिंह सहित सभी सम्पादकीय सहयोगी एवं अन्य विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

स्कोडा ऑटो ने भारत में हासिल की एक नई उपलब्धि

रांची : भारत में 25 साल और दुनिया भर में 130 साल की शानदार विरासत के साथ स्कोडा ऑटो नए मुकाम गढ़ रही है। कंपनी ने इस महीने 2025 की पहली छमाही में अपनी अब तक की सबसे जबरदस्त बिक्री दर्ज की है – और अब एक और बड़ी उपलब्धि के रूप में ब्रांड ने देश के 172 शहरों में 300 से अधिक ग्राहक टचपॉइंट्स का आंकड़ा पार कर लिया है। ग्राहक अनुभव को बेहतर से बेहतरीन बनाना स्कोडा ऑटो की भारत में तेज रफ्तार विकास रणनीति का मूल मंत्र है। देशभर में तेजी से बढ़ता यह नेटवर्क, न केवल स्कोडा की बढ़ती पहुँच का प्रमाण है, बल्कि भारतीय ग्राहकों के बीच उसके मजबूत होते भरोसे की कहानी भी कहता है। इस कंपनी के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा, ऱहमारे नेटवर्क के विस्तार से हमारी कारें और सेवाएं अब ज्यादा लोगों तक पहुँच रही हैं। इससे ग्राहकों को देशभर में तेज, भरोसेमंद और गुणवत्ता से भरपूर सेवा मिल रही है।

उपभोक्ताओं पर बिजली सरचार्ज अतिरिक्त वित्तीय भार : चैम्बर

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

रांची : नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा झारखंड इलेक्ट्रिसिटी कंजम्पशन सरचार्ज रूल्स 2025 के माध्यम से नगरीय उपभोक्ताओं पर 5% बिजली सरचार्ज लगाने के प्रस्ताव से होनेवाली समस्या पर आज चैम्बर भवन में बैठक हुई। सदस्यों ने विभागीय प्रस्ताव के प्रति आपत्ति जताते हुए कहा कि इस प्रस्ताव से न केवल व्यापार-उद्योग, निवेश बल्कि आमजन भी प्रभावित होंगे। विभाग को जनहित में यह प्रस्ताव वापस लेना चाहिए। चर्चाओं के उपरांत चैम्बर द्वारा अपने सभी सदस्यों को इस प्रस्ताव के विरोध में अपनी आपत्ति दर्ज कराने की अपील की गई।

झारखण्ड चैम्बर के कार्यकारिणी समिति की आगामी 20 जुलाई को साहेबगंज में होनेवाली कार्यकारिणी समिति की बैठक के लिए भी आज की बैठक में चर्चा हुई। विदित हो कि चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में शनिवार को 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल कार्यकारिणी बैठक में शामिल होने के लिए रवाना होगा। बैठक का आयोजन ईस्टर्न झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स के आतिथ्य में आयोजित किया जा रहा है।

नामकोम स्थित नवनिर्मित ईएसआईसी अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं में कमी पर भी सदस्यों द्वारा चिंता जताई गई। कहा गया कि नवनिर्मित अस्पताल हजारों ईएसआईसी पंजीकृत श्रमिकों एवं उनके आश्रितों के लिए प्रमुख सेवा का केंद्र है किंतु यहाँ एक्स रे मशीन, पैथोलॉजी लैब, अल्ट्रासाउंड जैसी मूलभूत जाँच सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हैं। उपयुक्त संसाधनों के अभाव में मरीजों को आवश्यक जाँच हेतु निजी अस्पतालों अथवा दूरस्थ चिकित्सा केंद्रों पर निर्भर होना पड़ता है। वास्तविक कठिनाई को देखते हुए चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री को पत्राचार कर नवनिर्मित अस्पताल में सभी आवश्यक सुविधा बहाल कराने का अनुरोध किया।

ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को संस्था ने दिए छाते

रांची : शुक्रवार को रांची ट्रैफिक पुलिस के जवानों को बारिश में ही भिंगते हुए लहू बोलेगा रक्तदान संगठन रांची द्वारा पवन कुमार रजक, थाना प्रभारी ट्रैफिक डेली मार्केट थाना के हाथों छाता वितरण किया गया जो कुल चार स्थानों पर हुआ जिसमें एकरा मस्जिद चौक, अंजुमन प्लाजा चौक, उर्दू लाईब्रेरी चौक और काली मंदिर चौक(डेली मार्केट) तक वह अभियान आगे भी जारी रहेगा। संस्था द्वारा अबतक 75 छाते का वितरण किये गए! पूरे बरसात में 500 छाता वितरण करने की योजना है। छाता वितरण कार्यक्रम में थाना प्रभारी ट्रैफिक पवन कुमार रजक, डेली मार्केट ट्रैफिक थाना, सूफी इदरीसिया पंचायत हिंदपीढ़ी के अध्यक्ष मुनव्वर हसन भुट्टो, लहू बोलेगा के नदीम खान, समाजसेवी साजिद उमर शामिल थे।

मंत्री दीपिका पांडे से मिला जिला परिषद सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल

रांची: रांची जिला परिषद सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल आज दिनांक 18 जुलाई 2025 माननीय ग्रामीण विकास सह पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे से मिल कर एक मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम, परमेश्वर भगत, सरस्वती देवी, रीता होरो है। ग्रामीण विकास कार्य से संबंधित योजनाओ को सभी ने अपने-अपने क्षेत्र से चयनित कर मंत्री के समक्ष रखा। जिस पर मंत्री ने तुरंत कार्रवाई करते हुए योजना को धरातल पर उतरने का आदेश दिया और जो रुकावट आ रही थी उसे दूर किया। पत्र में लिखा है कि राज्य निर्माण के 24 वर्षों में भी झारखण्ड राज्य के ग्रामीणों क्षेत्रों के विकास की अहम कड़ी पंचायती राज संस्थाओं को आज तक अधिकार प्रदत्त नहीं की गई है। राज्य गठन के पश्चात 2001 में पंचायतों को अधिकार देने हेतु नियमावली बनायी गई थी जिसके तहत 11वीं अनुसूची में सुची बद्ध 29 विषयों का अधिकार पंचायतों को देने की बात कही गई थी। वर्ष 2011 में राज्य में प्रथम पंचायत चुनाव विभाग के पश्चात 2012 से 2014 तक शिक्षा विभाग, वन, स्वास्थ्य, खनन, कृषि, समाज कल्याण, जल संसाधन सहित अन्य विभागों में अधिकार देने हेतु सकल्प भी जारी कर दिया था। जिसमें कई विभागों के द्वारा वित्तीय अधिकार भी जारी कर दिया था जिसमें कई विभागों के वित्तीय अधिकार भी प्रदत्त भी की गई थी पर आज तक संकल्प मात्र ही रह गया, इसे अभी तक लागू नहीं किया गया। राज्य में तीन पंचायत चुनाव के बाद आज भी चुने हुए जन प्रतिनिधियों को सुविधा एवं अधिकार से वंचित है। इस गंभीर विषय पर सरकार के उदासीनता के कारण चुने हुए जनप्रतिनिधी जनता के आशाओं एवं उम्मीदों पर खरा उतरने में सक्षम नहीं हो पा रहे है। उपर्युक्त तथ्यों एवं राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के संपूर्ण विकास हेतु पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त एवं मजबूत बनाने के प्रति प्रतिबद्ध सरकार के माननीय मंत्री महोदय से आग्रह है कि 11वीं अनुसूची में सुची बद्ध 29 विभागों का अधिकार पंचायती राज संस्थाओं को प्रदत्त करने एवं जिला परिषद सदस्यों सहित सभी पंचायत, पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानजनक मानदेय एवं भत्ता प्रदान करने हेतु शीघ्र उचित कार्रवाई करने की कृपा की जाय। मंत्री ने कहा कि इस विषय पर अध्ययन कर-के जल्द ही निर्णय लिया जाएगा।

रोहित फोटो ग्राफी एवं ऋषिका नुक्कड़ नाटक के क्षेत्र में हुई सम्मानित

रांची : युवा नाट्य संगीत अकादमी एवं विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के संयुक्त तत्वावधान मे अपर बाजार रोड गोरखनाथ लेन स्थित होटल कांति कृष्ण सम्मान समारोह का आयोजन हुआ जिसमें विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र जुड़े न्यू मधुकम महुआ टोली निवासी रोहित कुमार सोनी को फोटोग्राफी के क्षेत्र एवं ऋषिका कुमारी को नुक्कड़ नाटक के क्षेत्र मे सम्मानित किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में छात्र क्लब ग्रुप के लीगल एडवाइजर सोनाली भट्टाचार्य एवं मंच के राष्ट्रीय मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश मौजूद थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शिव किशोर शर्मा ने कहा मंच कई वर्षों से संगीत,पेंटिंग,प्लंबर,बढ़ई गिरी,नृत्य गान,सिलाई कढ़ाई, आर्ट एंड क्राफ्ट आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हुनेरबाजों को सम्मानित कर हौसला बढ़ाती है और आगे भी करते रहेगी वहीं संगीत अकादमी के डायरेक्टर ऋषिकेश लाल ने कहा सावन माह के प्रत्येक सोमवारी को कांवड़ियों के बीच बिस्किट्स,चाय,फल आदि का वितरण किया जाएगा। आज के कार्यक्रम में मुख्यरूप से, देवपूजन ठाकुर, प्रसिद्ध नारायण सिंह, कामिनी ताम्रकार, एम.के.सिंह, प्रतीक कुमार,रविंद्र कुमार शर्मा आदि उपस्थित थे।

कांचीपुरम के प्रधान अर्चक श्रीवत्स भट्टर की मंडली रांची पहुंची

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

रांची : श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर, रांची के त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव में भाग लेने के लिए दक्षिण के कांचीपुरम स्थित श्रीवरदराज भगवान के प्रधान अर्चक श्रीश्रीवत्स भट्टर अपनी टीम के साथ रांची पहुंच गए हैं। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर के 18वें वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव में होने वाले श्रीसुदर्शन महाहोम और भगवान का कल्याणोत्सव श्रीवत्स भट्टर मंडली के द्वारा दाक्षिणात्य पद्धति से संपन्न होंगे।

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर के 18वें वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव के सारे कार्यक्रम दक्षिण के प्रसिद्ध वाद्य नादस्वरमके मधुर धुन में संपन्न होंगे। श्रीवत्स भट्टर के साथ पांच विद्वानों की टीम रांची पहुंच गई है।

शनिवार 19 जुलाई को अपराह्न 3:00 बजे जगत नियंता वेंकटेश भगवान जगत धारिणी महालक्ष्मी और माता भूदेवी के साथ पालकी पर विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे और भक्तों पर कृपा वृष्टि करते हुये, उनके घर और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों तक जाकर दर्शन देंगे। जिन भगवान की कृपा कटाक्ष से संपूर्ण सृष्टि का संचालन हो रहा है , उनकी पालकी का भार उठाने के लिए 12 सदस्यों का विशेषज्ञ दल कांचीपुरम से रांची पहुंच गया है।

आज सायं 4:00 बजे से कलश स्थापना और यजमान संकल्प का कार्यक्रम विधि विधान से संपन्न हुआ। वेदों के मंत्रोच्चारण के बीच वेंकटेश भगवान और जगत जननी श्रीश्रीदेवी और श्रीभू देवी को रक्षा - सूत्र अर्पण किया गया। इसके बाद वर पक्ष के मुख्य यजमान श्री रामावतार - शारदा नारसरिया को रक्षा सूत्र बांधा गया। वधू पक्ष के मुख्य यजमान श्री प्रदीप - उमा नारसरिया एवं श्री अभिषेक - प्रीति नारसरिया को रक्षा सूत्र बांधा गया। फिर उपस्थित सभी यजमानों को रक्षा सूत्र बांधा गया। भगवान की नक्षत्र आरती, कुंभ आरती और कर्पूर आरती उतारी गई। भक्तों के बीच प्रसाद भोग का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सर्वश्री अनूप अग्रवाल रमेश धरनीधरका निहार तुलस्यान महावीर प्रसाद नारसरिया विनय धरनीधरका उदय राठौर श्रवण खंडेलवाल मुरारी लाल मंगल रामवृक्ष साहू रंजन सिंह विनोद अग्रवाल कोलकाता श्रेष्ठ महाजन चंबा हिमाचल प्रदेश शशि महाजन जम्मू कश्मीर आदि सैंकड़ों यजमान अनुष्ठान में सहभागिता निभायी।

लायंस क्लब ऑफ हिनू की ओर से बच्चों के बीच छाता वितरित

रांची। लायंस क्लब ऑफ हिनू और श्रीरामकृष्ण सेवा संघ के संयुक्त सौजन्य से हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित एचआई-67 के निकट सामुदायिक भवन के परिसर में आर्थिक रूप से कमजोर स्कूली बच्चों के बीच छाता व अन्य सामग्री वितरित किया गया। इस अवसर पर क्लब के पदधारियों व सदस्यों ने परिसर में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया। श्रीमती सिंह ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति सदैव सजग रहने का संदेश दिया। मौके पर लायंस क्लब ऑफ हिनू की प्रेसिडेंट बिंदू कुमारी सिंह सहित अन्य उपस्थत थे।

डीपीएस में कक्षा 12वीं के मेधावी छात्र सम्मानित

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

रांची : दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची के विवेकानंद ऑडिटोरियम में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (एसएससीई) 2025 में विज्ञान संकाय के छात्रों द्वारा प्राप्त शानदार प्रदर्शन के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मनीष रंजन (आईएएस), डायरेक्टर जनरल, श्री कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, रांची, और विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री प्रभात कुमार (आईपीएस), आई.जी., स्पेशल ब्रांच, झारखंड उपस्थित रहे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह में प्रेरणा का संचार किया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मधुर स्वागत गीत से हुई, जिसने पूरे सभागार को भावनाओं और ऊर्जा से भर दिया। इसके पश्चात माननीय प्राचार्या डॉ. जया चौहान द्वारा अतिथियों को सैपलिंग और स्मृति चिन्ह से सम्मानित कर औपचारिक स्वागत किया गया। इसके बाद अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और छात्रों द्वारा स्वागत नृत्य की प्रस्तुति हुई। विज्ञान संकाय के कुल 259 मेधावी छात्रों (जिन्होंने 90% और उससे अधिक अंक प्राप्त किए), को उनकी अकादमिक उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने स्वयं सभी छात्रों को प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए, जिससे पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

इस अवसर पर नुपुर सिंह को ऱद निशांत कुमार मेमोरियल अवॉर्डऱ से सम्मानित किया गया। नुपुर को ₹30,000 नकद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह निशांत के माता-पिता द्वारा प्रदान किया गया।

अपने संबोधन में डॉ. मनीष रंजन ने छात्रों को उनके परिश्रम और उत्कृष्ट परिणामों के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा, ऱयह मंच सिर्फ विद्यालय जीवन के अंत का नहीं, बल्कि एक ऐसे जीवन की शुरुआत का प्रतीक है जो आपके विकल्पों, चरित्र और प्रतिबद्धता द्वारा आकार लेगा।ऱ उन्होंने लक्ष्य, फोकस, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, समर्पण, अनुशासन, आत्म-विश्वास और समय पर कार्रवाई की महत्ता पर जोर दिया।

विशिष्ट अतिथि प्रभात कुमार ने कहा, आज हम सिर्फ अंकों में नहीं, बल्कि सोच में उत्कृष्टता का सम्मान कर रहे हैं। असली सफलता केवल परिणामों में नहीं, बल्कि प्रयास की भावना, आगे बढ़ने की जिद और समाज में बदलाव लाने की क्षमता में है।

प्राचार्या डॉ. जया चौहान ने अपने उद्बोधन में छात्रों की उत्कृष्ट अकादमिक और प्रतियोगी प्रदर्शन की सराहना की।

कार्यक्रम का समापन हेड बॉय ईशान सिन्हा द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन और सामूहिक फोटो सेशन के साथ हुआ।

सार्वजनिक सूचना

[illegible]

गुलाब चंद अग्रवाल / मनोरमा देवी
शपथपत्र संख्या - 876
दिनांक - 15/07/2025
स्थान - रामगढ़, झारखण्ड
अधिवक्ता
राहुल कुमार

UNIMONI FINANCIAL SERVICES LIMITED
RO: N.G. 12 & 13 Ground Floor, North Block, Manipal Centre,
Dickenson Road, Bangalore - 560 042. CIN No. U85110KA1995PLC018175
PUBLIC NOTICE

यह जनता को सूचित करने के लिए है कि गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी UNIMONI FINANCIAL SERVICES LIMITED द्वारा 22.07.2025 को सुबह 10:00 बजे नीचे दिए गए संबंधित केंद्रों पर की जाएगी। नीलाम किए जाने वाले सोने के आभूषण हमारे विभिन्न ग्राहकों के ऋण खातों से संबंधित हैं, जो अपना बकाया चुकाने में विफल रहे हैं। नीलामी के हमारे नोटिस इन उधारकर्ताओं को विधिवत जारी किए गए हैं। नीलाम किए जाने वाले सोने के आभूषण हमारे विभिन्न ग्राहकों के अतिदेय ऋण खातों से संबंधित हैं, जिनका उल्लेख शाखा के नाम के साथ किया गया है।

Auction Centre Address & Loan Nos: JHAMSHEDPUR (JHA - Ist Floor, Holding No 89/Aakash Building, Water Works Rosakchi, Jhamshedpur-831001, Contact no : 9334064424) 2128090, 2162626, 2164161.

(Reserves the right to alter the number of accounts to be auctioned &/ postpone / cancel the auction without any prior notice)

CCL
सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनिरत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एव सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियो द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: 501, सैलकॉन ऑरम, जसोला डिस्ट्रिक्ट सेंटर, नई दिल्ली - 110025
सीआईएन: L65900DL2020PLC366027

नीलामी सूचना

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक द्वारा जारी व्यक्तिगत नोटिसों सहित विभिन्न मांगों और सूचनाओं के बावजूद, बैंक से उनके द्वारा लिए गए स्वर्ण ऋण/ऋणों का समायोजन नहीं किया गया है। सभी उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक के पास जमानत के रूप में रखे गए स्वर्ण आभूषणों की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है और तदनुसार, उस शाखा परिसर में, जहाँ से ऋण लिया गया था, सुबह 11:00 बजे नीलामी का समय निर्धारित किया गया है। उधारकर्ता, खाताधारक और आम जनता सहित सभी लोग नीलामी की शर्तों के अनुसार इस नीलामी में भाग ले सकते हैं।

नीलामी की तिथि 29 जुलाई 2025 प्रातः 11:00 बजे है।

क्रम सं.	शाखा	खाता नंबर	एकल धारक का नाम
1	हिंदपुरम	101942519282	तुषार सिंह

बैंक किसी भी खाते को नीलामी से हटाने या बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड।